# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

**जवाहर लाल नेहरू मार्ग**

क्रमांक : प.नि./परीक्षा–2024/पू.प्रा./1744 दिनांकः 16.10.24

**स्नातक पूरक प्रायोगिक परीक्षा–2024 हेतु सूचना**

राजस्थान विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एवं संघटक महाविद्यालयों के स्नातक पूरक (पास/ऑनर्स/डीफ, डम्ब एण्ड ब्लाइन्ड/बी.वी.ए./बी.पी.ए.), विज्ञान, वाणिज्य तथा कला संकाय के नियमित, स्वयंपाठी एवं पूर्व परीक्षार्थियों की प्रायोगिक पूरक परीक्षाऐं निम्नलिखित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होंगीः–

| संकाय | परीक्षा केन्द्र |
|---|---|
| कला संकाय | विश्वविद्यालय राजस्थान महाविद्यालय, जयपुर |
| विज्ञान संकाय | विश्वविद्यालय महाराजा महाविद्यालय, जयपुर |
| वाणिज्य संकाय | विश्वविद्यालय वाणिज्य महाविद्यालय, जयपुर |
| फाईन आर्टस, | स्कूल ऑफ फाईन आर्टस, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर |
| डीफ एण्ड डम्ब | राजकीय महाविद्यालय, जयपुर |

1. परीक्षार्थी संबंधित प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य से प्रवेश पत्र के साथ सम्पर्क करें।
2. **यदि परीक्षार्थी संबंधित परीक्षा केन्द्र पर प्रायोगिक पूरक परीक्षा हेतु प्राचार्य द्वारा निश्चित की गई तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होता है तो उसको उस विषय की प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित माना जायेगा।**
3. परीक्षार्थी यह भी सुनिश्चित कर लें कि **स्वयंपाठी परीक्षार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रावधानों के अनुसार निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों से प्रायोगिक विषय का आवश्यक प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया है।** यह मूल प्रमाण पत्र परीक्षा के दिन सम्बंधित प्राचार्य के यहाँ जमा करवाना अनिवार्य है, अन्यथा परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेगा। प्रशिक्षण प्रमाण पत्र संबंधित महाविद्यालय अपने पोर्टल से Download कर प्राचार्य के हस्ताक्षर सहित प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त परीक्षार्थियों को उपलब्ध करवायेंगे।
4. परीक्षार्थियों के प्रायोगिक विषयों हेतु परीक्षा केन्द्र के पृथक से प्रवेश पत्र वेबसाईट www.univraj.org पर अपलोड़ किये जायेंगे। साथ ही यह भी आवश्यक रूप से ध्यान रखें कि सैद्धान्तिक विषयो की परीक्षा हेतु पृथक से परीक्षा प्रवेश पत्र जारी किये जा चूके हैं। सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक परीक्षा के परीक्षा केन्द्र पृथक–पृथक हो सकते हैं।
5. विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश पत्र पर आवंटित परीक्षा केन्द्र मे कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।
6. प्रायोगिक परीक्षाओं में पूरक परीक्षा 2024 हेतु योग्य परीक्षार्थी पूरक परीक्षा की तिथि एवं समय हेतु सम्बंधित प्राचार्य से सम्पर्क करें।

15.10.24

**परीक्षा नियंत्रक**

क्रमांक : प.नि./परीक्षा–2024/पू.प्रा./1745–1756 दिनांकः 16.10.24

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. समस्त प्राचार्य, संघटक/सम्बद्ध महाविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है किः
   (अ) प्रायोगिक पूरक परीक्षा की तिथियाँ निर्धारित कर परीक्षाऐं सुचारू रूप से सम्पन्न करायें तथा निर्धारित परीक्षा केन्द्राधीक्षक, अधिकृत प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा ऑनलाईन अपलोड़ कर जारी किये गये परीक्षार्थियों से प्राप्त प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों पर अनुक्रमांक अंकित कर उपस्थिति पत्र की एक प्रति के साथ पृथक लिफाफे में बंद कर लिफाफे पर कक्षा एवं संकाय का उल्लेख कर विश्वविद्यालय संचालन शाखा के संबंधित अनुभागाधिकारियों को जमा करवाकर रसीद प्राप्त कर लें।
   (ब) प्रायोगिक पूरक परीक्षा की तिथि/बैच तय कर प्रायोगिक परीक्षा तिथियों की जानकारी उप कुलसचिव (यू.एम.), राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के नाम पत्र ई–मेल के साथ अविलम्ब भिजवायें ताकि औचक निरीक्षण हेतु फ्लाईंग भेजे जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।
2. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, लेखा एवं वित्त शाखा, राज. वि. वि., जयपुर।
3. निदेशक, इन्फोनेट सेन्टर, राज. वि. वि. जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि इस विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने का श्रम करें।
4. निदेशक, छात्र सलाहकार एवं सूचना केन्द्र, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को समाचार के रूप में दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने का श्रम करें।
6. उप कुलसचिव, परीक्षा (गोपनीय)/यू.एम., राज. वि. वि., जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि सम्बन्धित महाविद्यालय से प्राप्त प्रायोगिक परीक्षा की समय सारिणी के अनुसार औचक निरीक्षण हेतु फ्लाईंग भेजा जाना सुनिश्चित करें।
7. निजी सचिव– कुलपति/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, राज. वि. वि., जयपुर।
8. सहायक कुलसचिव/अनुभागाधिकारी, संचालन शाखा/गोपनीय शाखा/विविध शाखा/छात्र सूचना केन्द्र, राज. वि. वि., जयपुर।
9. सम्बन्धित कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित कर लेख है कि प्रायोगिक परीक्षाओं से सम्बन्धित सूची एवं अन्य सामग्री गोपनीय शाखा को अविलम्ब भिजवाने का श्रम करें।

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा)**